मेडिकल कैंप में 320 लोगों के हुए चेकअप

कैंप के दौरान मरीजों का चेकअप करते डॉक्टर।

भास्कर न्यूज | मानसा

तलवंडी साबो शक्ति लिमिटेड की तरफ से शनिवार को गांव नंगला के गुरुद्वारा साहिब में गुरु नानक चैरिटेबल अस्पताल भगता भाईका के सहयोग के साथ आंखों का मुफ्त चेकअप कैंप लगाया गया।

कैंप में पहुंचे लोगों का चेकअप डॉक्टर शिवलाल व उनकी टीम द्वारा किया गया। वेदांता के लोक सेवा अधिकारी डॉक्टर विशाल अग्रवाल ने बताया कि इसी तरह गांव बैहणीवाल, धिंगढ़ में भी मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें हेल्थ स्ट्रीट अस्पताल द्वारा नंगला में 150, बैहणीवाल 95 व धिंगढ़ में 75 लोगों का चेकअप कर जरूरी दवाइयां दी गई।

इन कैंपों के दौरान बैहणीवाल के सरपंच बूटा सिंह, गांव धिंगढ़ के सरपंच गुरप्रीत सिंह के अलावा युवक भलाई क्लब नंगला के प्रधान जीवन सिंह, गुरतेज सिंह, सतनाम सिंह, गुरलाभ सिंह, कुलदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, जगदीप सिंह, सुखराज सिंह, हरदीप सिंह, बहादर सिंह आदि मौजूद थे। कैंप के आयोजन में युवक भलाई क्लब के नौजवानों ने अहम भूमिका निभाई।